Class- XI th

Model- 2019.

HINDI Elective

SET- III rd

F.M. — 90

Pass- marks — 30

Paper- I & II

No. of Questions: 45

CLASS - XI

2018

HINDI (ELECTIVE)

FULL MARKS - 90

PASS MARKS - 30

TIME -

निर्देश: इस प्रश्न-पत्र में 45 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं; प्रत्येक प्रश्न के लिए दो अंक निर्धारित हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## खण्ड - क

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर [प्रश्न सं० 1 से 5 का उत्तर दीजिए

विज्ञान में जो कुद्धि है, दर्शन में जो दृष्टि है, वही कविता में कल्पना है। कल्पना के साथ कवि की कला है। इतिहास के लेखक के सामने अपनी विषय-वस्तु की एक निश्चित सामग्री है, जिसे अधिक से अधिक सजाकर वह आकर्षक कृति उपस्थित कर सकता है परन्तु वह अबाध्य कविता नहीं कर सकता। कवियों ने अपनी कल्पना के बल से कितने ऐसे महान पात्रों की सृष्टि की है जो संसार के हृदय पर शासन करते हैं और चिर दिन तक करेंगे। उन्होंने कितनी ही कामिनियों का शृंगार सजाया है जिन्हें देखकर मनुष्य एकांत भाव से मुग्ध हुआ। कलाकार की कल्पना संसार की प्रायः समस्त उज्ज्वल, उदात्त और ऊर्जस्वित भावनाओं को पुष्ट करनेवाली, उन्हें मनोरम बनाकर मनुष्य-जीवन में मिला देनेवाली सिद्ध हुई। कवि अपनी कल्पना के इंगित से सहस्रों वर्षों तक - अमित काल पर्यन्त - संसारव्यापी समाज के मन पर शासन करता है।

1. कल्पना के बल पर किसकी रचना होती है?

(A) विज्ञान (B) दर्शन (C) इतिहास (D) कविता।

2. कविता में क्या देखकर मनुष्य मुग्ध होता रहा है?

(A) स्त्रियों का शृंगार (B) हृदय का प्रेम (C) विषय-वस्तु (D) उदात्त भावनाएँ।

(3) इतिहास लेखक किसके बल पर एक अच्छी कृति प्रस्तुत करने में सक्षम हो पाता है?

(A) उदात्त कल्पना (B) उज्ज्वल भावना (C) निश्चित सामग्री
(D) मनोरम दृष्टि

(4) 'उदात्त' का क्या अर्थ है?

(A) उभार (B) उज्ज्वल (C) ऊर्जावान (D) महान

5. प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक होगा —

(A) विज्ञान-दृष्टि (B) इतिहास लेखक (C) संसारव्यापी समाज
(D) कवि-कल्पना

निर्देश: निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों [प्रश्न सं०-6-10 का] विकल्प चुनिए।

"जेठ हो कि हो पूस, हमारे कृषकों को आराम नहीं है
छूटे कभी संग बैलों का ऐसा कोई याम नहीं है
मुख में जीभ शक्ति भुजा में जीवन में सुख का नाम नहीं है
वसन कहाँ? सूखी रोटी भी मिलती दोनों शाम नहीं है
बैलों के ये बंधु वर्ष भर क्या जाने कैसे जीते हैं
बंधी जीभ, आँखें विषम गम खा शायद आँसू पीते हैं।"

(6) प्रस्तुत कविता में किसके जीवन का मार्मिक चित्रण किया गया है?

(A) रोटी (B) बैल (C) कृषक (D) जेठ

(7) यहाँ 'जेठ और पूस' किसका प्रतीक है?

(A) पारिस्थितिक प्रतिकूलता (B) पारिस्थितिक अनुकूलता
(C) पारिस्थितिक तंत्र (D) पारिस्थितिक प्रसन्नता

(8) बैलों के बंधु क्या खाकर जीते हैं?

(A) गम (B) आँसू (C) सुख (D) आराम

(9) 'वसन' का क्या अर्थ है?

(A) विषम (B) बैल (C) वस्त्र (D) वर

(10) प्रस्तुत पंक्तियों का उचित शीर्षक चुनिए -

(A) हमारे कृषक (B) आँखों के आँसू (D) हमारी शक्ति
(D) जीवन में सुख

(11) निम्नलिखित में से कौन-सा निबंध का एक भाग हो सकता है-

(A) भूमिका (B) खंड (C) चित्र (D) कल्पना

(12) भाव प्रधान निबंध में किसकी प्रधानता होती है?

(A) विचार (B) तथ्य (C) भावना (D) कल्पना

(13) कार्यालयी पत्र ______ का ही एक रूप है -

(A) औपचारिक-पत्र (B) आलेख (C) फीचर (D) अनौपचारिक-पत्र।

(14) सूचनाओं का संकलन कर संपादक तक पहुँचाने की जिम्मेदारी किसकी होती है?

(A) पत्रकार (B) संपादक (C) लेखक (D) खिलाड़ी

(15) किसी घटना अथवा किसी आयोजन के संबंध में लिखित विवरण प्रस्तुत करना क्या कहलाता है?

(A) आवेदन (B) प्रतिवेदन (C) स्ववृत्त (D) कार्यसूची

(16) किसी रोचक विषय पर मनोरंजक ढंग से लिखा गया विशिष्ट आलेख क्या कहलाता है?

(A) निबंध (B) फीचर (C) प्रतिवेदन (D) कहानी

(17) फीचर की भाषा ______ होती है।

(A) सांकेतिक (B) कलात्मक (C) प्रतीकात्मक (D) मौखिक

(18) लोकतंत्र के अविभाज्य अंग के रूप में किसे जाना जाता है?

(A) पत्रकारिता (B) अध्ययन (C) साहित्य-लेखन
(D) रोजगार

(19) मीडिया की भाषा में 'बीट' का आशय है —

(A) संवाददाताओं को सम्मानित करना
(B) संवाददाताओं के बीच कार्य-विभाजन करना
(C) संवाददाताओं को अवकाश पर भेजना
(D) संवाददाताओं को भुगतान करना

(20). एफ० एम० रेडियो की शुरुआत कब हुई?

(A) जुलाई 1977 में (B) जुलाई 1967 में
(C) जुलाई 1987 में (D) जुलाई 1997 में

निर्देश: निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर [प्रश्न संख्या : 21-23 का] उत्तर :- चुनिए :

खेलन में को काको गुसैंयाँ।
हरि हारे जीते श्रीदामा, बरबस हीं कत करत रिसैंयाँ।
जाति-पाँति हमतें बड़ नाहीं, बसत तुम्हारी छैंया।
अति अधिकार जनावत यातें जातें अधिक तुम्हारैं गैयाँ।

(21) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि कौन हैं?

(A) तुलसीदास (B) रहीम (C) रसखान (D) सूरदास

(22) कौन खेल में हारने पर भी अपनी हार नहीं मानता

(A) सुदामा (B) श्रीदामा (C) श्रीकृष्ण (D) राधा

P/(5)

(23) प्रस्तुत काव्यपंक्तियों की भाषा क्या है?

(A) अवधी (B) हिंदी (C) ब्रज (D) संस्कृत

(24) 'संध्या के बाद' कविता के कवि कौन हैं?

(A) महादेवी वर्मा (B) सुमित्रानंदन पंत (C) नागार्जुन

(D) धूमिल

(25) 'जाग तुझको दूर जाना' कविता में क्या संदेश निहित है?

(A) निरंतर कर्तव्य पथ पर अग्रसर होने का

(B) सांसारिक आकर्षणों में उलझते जाने का

(C) निरंतर कल्पना जगत में विचरने का

(D) तितलियों के सुंदर परों को स्पर्श करने का

(26). किस तरह की आशा कवि नरेंद्र शर्मा को रातभर भटकाती है?

(A) सुबह होने और प्रकाश पाने की आशा

(B) अंधकार को स्थायी रूप से पाने की आशा

(C) नींद खुलने और रोजगार पर जाने की आशा

(D) परिवार के पालन-पोषण की आशा

(27) 'अंतर्नयनों के आगे से शिला न तम की हट पाती है' – पंक्ति में 'अंतर्नयन' से कवि का क्या तात्पर्य है?

(A) दूर की दृष्टि (B) बाह्य दृष्टि (C) आंतरिक दृष्टि

(D) सामंजस्य की दृष्टि

(28) बादलों का वर्णन करते हुए कवि नागार्जुन को किस कवि की याद आती है?

(A) सूरदास (B) कबीरदास (C) रैदास (D) कालिदास

(29) 'प्रणय-कलह' से क्या तात्पर्य है?

(A) प्रेम भरी तकरार (B) संघर्ष भरा समय (C) प्रेम भरी घृणा (D) सामंजस्य भरा प्रेम

(30) पद्माकर किस भाषा के कवि हैं?

(A) अवधी भाषा (B) साहित्यिक ब्रज भाषा (C) खड़ी बोली हिंदी (D) उर्दू प्रधान हिंदी

निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों (प्रश्न सं० - 31-33) के उत्तर दीजिए-

बुढ़िया का क्रोध तुरंत स्नेह में बदल गया। बच्चे में इतना त्याग, सद्भाव और विवेक देख वह स्नेहरस में डूब गई। दूसरों को खिलौने लेते और मिठाई खाते देखकर इसका मन तो ललचाया होगा। पर वहाँ भी इसे अपनी बुढ़िया दादी की याद बनी रही।

(31) प्रस्तुत अंश किस पाठ से उद्धृत है?

(A) गूँगे (B) दोपहर का भोजन (C) ईदगाह (D) उसकी माँ

M/⑦

(32) दूसरों को खिलौने लेते और मिठाई खाते देखकर किसका मन ललचाया होगा ?

(A) हामिद का (B) अमीना का (C) मोहसिन का
(D) महमूद का

(33) प्रस्तुत पाठ के लेखक कौन हैं ?
(A) अमरकांत (B) प्रेमचंद
(C) रांगेय राघव (D) सुधा अरोड़ा

(34) 'टार्च बेचनेवाले' किस शैली की रचना है ?
(A) व्यंग्यात्मक (B) जीवनीपरक (C) आत्मकथात्मक (D) संस्मरणात्मक

(35) गूँगे ने अपने माता-पिता के बारे में चमेली को कैसे बताया ?
(A) लिखकर (B) इशारे से (C) रोकर (D) हँसकर

(36) अस्पृश्य जातियों के उत्थान के बारे में ज्योतिबा ने क्या उपाय किए ?
(A) अस्पृश्य जाति के बच्चों की शिक्षा का प्रबंध किया
(B) अस्पृश्य जाति की स्त्रियों की शिक्षा का विरोध किया
(C) अस्पृश्य जाति की लड़कियों को पाठशाला न भेजने का निवेदन किया
(D) अस्पृश्य जाति के दंपतियों का बहिष्कार किया

(37) ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई के जीवन से आज के समाज को क्या प्रेरणा मिलती है?

(A) सामाजिक कार्यों में भेद-भाव करने की प्रेरणा

(B) स्वार्थ सिद्धि के स्थान पर सेवा-भावना को प्रमुखता देने की प्रेरणा

(C) साधारण मनुष्य से भगवान बन जाने की प्रेरणा

(D) ब्राह्मणवाद का विरोध करने की प्रेरणा

(38) 'उसकी माँ' किस विधा की रचना है?

(A) नाटक (B) रेखाचित्र (C) कहानी

(D) एकांकी

(39) 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति' नाटक के रचयिता कौन हैं?

(A) मोहन राकेश (B) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(C) हरिशंकर परसाई (D) प्रेमचंद

(40) 'विश्वमित्र' के संपादक कौन थे?

(A) पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' (B) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(C) सुधा अरोड़ा (D) रांगेय राघव

(41) 'अंडे के छिलके' की पात्र राधा के चरित्र की ऐसी कौन सी विशेषता है जो अपनाने योग्य है?

(A) दूसरों की बुराई करना (B) अपनी जिम्मेदारियों से परिचित होना (C) गृह-क्लेश करना
(D) चुगली करना

(42) 'हुसैन की कहानी अपनी जबानी' पाठ में लेखक ने अपने कितने मित्रों के शब्द-चित्र प्रस्तुत किए हैं?
(A) चार (B) पाँच (C) नौ (D) दो

(43) 'आवारा मसीहा' के रचनाकार हैं—
(A) प्रेमचंद (B) विष्णु प्रभाकर (C) शरत्चंद्र
(D) अमृतराय

(44) शरत्चंद्र के ननिहाल में किस बात का निषेध था?
(A) पढ़ना-लिखना (B) शौक पालना (C) भोजन करना (D) रीति-रिवाज का निर्वहन करना

(45) ........ प्रसिद्ध मकबूल फिदा हुसैन की पेंटिंग की शुरुआत किस शहर से हुई?
(A) कलकत्ता (B) लखनऊ (C) इंदौर (D) पटना

P/ (10)

## उत्तर कुंजी  SET- 3

1-(D), 2-(A), 3-(C), 4-(D), 5-(D), 6-(C), 7-[A]
8-[A] 9-[C], 10-[A], 11-[A], 12-[C], 13-[A],
14-[A], 15-[B], 16-[B], 17-[B], 18-[A], 19-[B]
20-[D], 21-[D], 22-[B], 23-[C], 24-[B], 25-[A]
26-[A], 27-[C], 28-[D], 29-[A], 30-[B], 31-[C]
32-[A], 33-[B], 34-[A], 35-[B], 36-[A], 37-[B]
38-[C], 39-[B], 40-[A], 41-[B], 42-[B], 43-[B]
44-[B], 45-[C]